**भारत सरकार**

**कारपोरेट कार्य मंत्रालय**

**लोकसभा**

**अतारांकित प्रश्न संख्या. 2592**

**(सोमवार, 9 मार्च, 2026/18 फाल्गुन, 1947 (शक) को उत्तर के लिए)**

**कर्नाटक से बाहर जा रही कंपनियां**

**2592. डॉ. के. सुधाकरः**

क्या **कारपोरेट कार्य** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) क्या सरकार ने पिछले पांच वर्षों में कर्नाटक से अन्य राज्यों में अपना पंजीकृत कार्यालय स्थानांतरित करने वाली कंपनियों पर ध्यान दिया है, यदि हाँ, तो तत्संबंधी व्यौरा क्या है;
(ख) ऐसी कंपनियों द्वारा स्थानांतरण के लिए क्या कारण बताए गए हैं; और
(ग) पिछले पांच वर्षों में कर्नाटक में कंपनी अधिनियम की धारा 248 के तहत कितनी कंपनियों को निरस्त किया गया
है?

**उत्तर**

**कारपोरेट कार्य मंत्रालय में राज्य मंत्री और सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्रालय में राज्य मंत्री।**

**(श्री हर्ष मल्होत्रा)**

(क): पिछले पांच वर्षों में अपने पंजीकृत कार्यालय को कर्नाटक से अन्य राज्यों में स्थानांतरित करने वाली कंपनियों की संख्या निम्नानुसार है -

| **क्रम संख्या** | **वर्ष** | **कंपनियों की संख्या** |
|---|---|---|
| **1** | **2020-2021** | **129** |
| **2** | **2021-2022** | **126** |
| **3** | **2022-2023** | **88** |
| **4** | **2023- 2024** | **119** |
| **5** | **2024-2025** | **167** |
| | **कुल** | **629** |

(ख): कंपनियों को कंपनी (निगमन) नियम, 2014 के नियम 30 के साथ पठित कंपनी अधिनियम 2013 की धारा 13(4) के प्रावधानों के अनुसार अपने पंजीकृत कार्यालय को एक राज्य से दूसरे राज्य में स्थानांतरित करने की अनुमति है। ऐसी कंपनियों द्वारा पुनर्स्थापन के लिए जिन कारणों का उल्लेख किया गया है, उनमें अन्य बातों के साथ-साथ प्रशासनिक और प्रचालनात्मक सुविधा को सुकर बनाना, अपने व्यावसायिक कार्यकलापों के विस्तार की संभावनाओं का पता लगाना, बेहतर नियंत्रण रखना आदि शामिल हैं।

(ग): पिछले पांच वर्षों के दौरान कर्नाटक में कंपनी अधिनियम की धारा 248 के तहत बंद की गई कंपनियों की संख्या इस प्रकार है:

| **क्रम संख्या** | **वर्ष** | **कंपनियों की संख्या** |
|---|---|---|
| 1 | 2020-2021 | 1,025 |
| 2 | 2021-2022 | 6,100 |
| 3 | 2022-2023 | 4,339 |
| 4 | 2023- 2024 | 2,317 |
| 5 | 2024-2025 | 1,615 |
| | **कुल** | **15,396** |

*******